# डेंगू : 12 सैंपलों की जांच हुई, दो निकले पॉजिटिव

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में डेंगू का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को 12 सैंपलों की जांच की गई है। इसमें दो लोग पॉजिटिव निकले हैं। इधर, अब तक 400 से ज्यादा मरीज सामने आ चुके हैं।

इस साल हमारे शहर के साथ ही जिलेभर में डेंगू अपने चरम पर है। पुराने सभी रिकॉर्ड टूट चुके हैं। वहीं, नए केस मिलने का सिलसिला भी नहीं थम रहा है। शुक्रवार को 2 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, इसमें 1 अन्य व्यक्ति की रिपोर्ट भी पॉजिटिव रही, जो दोबारा जांच में पॉजिटिव आए हैं। शुक्रवार को अवकाश होने के कारण सर्वे नहीं हुआ है। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि डेंगू मरीजों के घर के आसपास भी एंटी लार्वा एक्टिविटी करवाई जा रही है। लोगों से भी अपील है कि वे घरों में या घरों के आसपास साफ पानी एकत्र होने ना दें।

# अपने मोबाइल फोन पर मंगा सकते हैं बिजली बिल

16-10-21 भास्कर संवाददाता | रतलाम

बिजली उपभोक्ता घर बैठे अपना मोबाइल नंबर बिजली कंपनी में दर्ज करा सकते हैं। इससे उन्हें हर सूचना मोबाइल पर ही मिल जाएगी। यह मोबाइल नंबर अगले बिल में प्रिंट होकर आएगा। इसी नए नंबर पर बिजली संबंधी सारी सूचनाएं एसएमएस से मिलेंगी।

उपभोक्ता को मोबाइल नंबर दर्ज कराने के लिए बिजली कंपनी के पोर्टल MP.WZ.CO.IN पर जाना होगा। यहां दाईं और तीसरे विकल्प में मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। उपभोक्ताओं को बिल पर प्रिंट आईवीआरएस दर्ज करना होगा। उपभोक्ता आधार नंबर भी दर्ज करा सकते हैं। बिजली कंपनी के एमडी अमित तोमर ने बताया बिजली संबंधी जरूरी एसएमएस भी आने लगेंगे। ये मैसेज बिल जारी होने, अंतिम तिथि पास आने, बिजली बिल भरने के बाद थैंक्यू के रूप में दिए जाते हैं।

# 30 हजार से ज्यादा लोगों का सेकंड डोज बाकी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोरोना वैक्सीनेशन की रफ्तार अब सुस्त हो गई है। पहला डोज तो लोगों ने लगवा लिया है लेकिन दूसरे डोज के लिए नहीं आ रहे हैं। सिर्फ रतलाम शहर में ही 30 हजार से ज्यादा लोगों का दूसरा डोज बाकी है।

स्वास्थ्य विभाग ने नवरात्रि और दशहरे के मौके को वैक्सीनेशन के तौर पर भुनाने के प्रयास किए थे लेकिन ज्यादा बेहतर परिणाम नहीं आए हैं। शुक्रवार को दशहरे के आयोजन में टीम तो पहुंची पर भीड़ नहीं होने से सफलता नहीं मिली। शहर में 2.29 लाख लोगों को टीके लगने थे। हालांकि 2.33 लाख लोगों ने पहला डोज लगवा लिया है जो 101 प्रतिशत है। वहीं दूसरे डोज का वैक्सीनेशन 59.61 प्रतिशत ही हुआ है। 1.39 लाख लोगों ने दूसरा टीका लगवाया है। जिले में 92% वैक्सीनेशन हो चुका है। इसमें से 34.57 प्रतिशत लोगों ने ही दूसरा डोज लगवाया है।

दै. भास्कर
16/10/21

# आबादी वाले इलाके में आग से जागा प्रशासन

प्रभात किरण

रतलाम, नप्र। मोहनगर के पास गणेशनगर में पाइप गोदाम में लगी आग के बाद प्रशासन ने तय किया हैं कि आबादी वाले इलाकों में अब खतरनाक और नागरिकों की सेहत पर असर डालने वाले व्यापार नहीं होंगे। कलेक्टर ने संबंधित मातहतों को आबादी वाले इलाकों से ऐसी दुकाने हटाने को कहा।



औद्योगिक थाना क्षेत्र के गणेशनगर में शिव मंदिर के पीछे एक पाइप गोदाम में कल सुबह लगी आग से निकले धुएं का विकराल रूप से दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। वहीं घोरघुप्प धुंए के गुब्बारे को देख आसपास के लोग में काफी घबरा गए। हर किसी को इस बात का डर सताने लगा कि कहीं यह आग की लपटें हवा में विकराल रूप लेकर पास के ही पेट्रोल पंप की ओर रुख ना कर लें। गणेशनगर, मोहननगर और बिरियाखेड़ी रोड के लोग ही नहीं बल्कि प्रशासन को भी आग से चिंता होने लगी थी वजह पास में ही पेट्रोल पंप का होना रहा।

सबसे बड़ी बात यह भी रही कि जिस गोदाम में आगजनी हुई वह गोदाम खुला था जिस वजह से दमकलकर्मियों ने मशक्कत कर आग को विकराल रूप नहीं लेने दिया। गोदाम की आग की लपटें आसपास के मकानों तक पहुंच गई थी। गोदाम के आसपास रहने वाले लोगों के घरों के सामान को नुकसान हुआ। यहां आग इतनी भयावह थी कि आसपास के मकानों की छतों पर रखी पानी की टंकियां तक पिघल गई वहीं मकानों की खिड़की दरवाजे भी आग की चपेट में आने से बच नहीं सके। आग लगने की वजह सुबह तक भी साफ नहीं हो पाई कि गोदाम में आग कैसे लगी? औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने गोदाम की आगजनी के मामले में आर.एन.मौर्य निवासी गणेशनगर की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 435 भादवि में अपराध कायम किया है। अज्ञात कारणों से पाइप गोदाम में आग लगने से आसपास के लोगों के सामान को नुकसान होना बताया।

प्रभात किरण
15/10/21

# पेट्रोल पंप के पास स्थित पाइप गोदाम में लगी आग, धुएं से ढका इलाका

16-10-21 सम्यक जगत



रतलाम। शहर के मोहन नगर इलाके में गुरुवार सुबह प्लास्टिक पाइप के एक गोदाम में दोपहर करीब ग्यारह बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटों से देखते ही देखते विकराल रुप धारण कर लिया। यह गोदाम इण्डियन आइल पैट्रोल पंप के बेहद पास में होने से आग का खतरा और बढ गया है। आगजनी से निकले धुएं ने आसपास के कई इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया है और डोंगरे नगर,बिरीयाखेडी जैसे इलाकों में धुएं के कारण अंधेरा छा गया है। भीषण आगजनी पर अब तक कई टैंकर पानी डाला जा चुका है लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पंहुच गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,कस्तूरबा नगर बायपास रोड के पास स्थित मोहन नगर में बने पाइप के गोदाम में प्रातः करीब ग्यारह बजे अचानक आग लग गई। गोदाम में पीवीसी पाइप भरे हुए थे,जिसकी वजह से आग तेजी से फैली और देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रुप धारण कर लिया। गहरा काला धुआं शहर में दूर दूर तक नजर आने लगा। गोदाम की आगजनी से निकले धुएं ने आसपास के कई लाकों को अपनी चपेट में ले लिया। गहरे काले धुएं ने पूरे डोंगरे नगर बिरीयीखेडी जैसे कई इलाकों को पूरी तरह ढंक लिया और इन इलाकों में अंधेरा सा छा गया। पाइप का यह गोदाम इण्डियन आइल के पैट्रोल पंप के बिलकुल पास में स्थित है। आग की विकराल लपटों के पैट्रोल पंप तक पंहुचने के खतरे से भी इंकार नहीं किया जा सकता। भीषण अग्निकाण्ड की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड व अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पंहुच गए। आगजनी के चलते आसपास में लोगों की भारी भीड जमा हो गई है। भीड को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक फायर ब्रिगेड की कई लारियों का पानी डालने के बावजूद भी आग काबू में नहीं आ पाई है।

सम्यक जगत 16-10-21

# खतरनाक व्यापार आवासीय क्षेत्रों से हटाए जाएंगे

16-10-21 अवन्तिका

रतलाम। शहर में आवासीय क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे आमजन के स्वास्थ्य के प्रतिकूल, खतरनाक व्यापार व्यवसाय हटाए जाएंगे। गुरुवार को शहर में आगजनी की घटना क परिप्रेक्ष्य आवश्यक कदम उठाते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

अवन्तिका 16-10-21

# चंद लोगों की उपस्थिति में हुआ रावण दहन



## शाम को जला पुतला, लेकिन आधे मिनट में हो गया ढेर

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शहरवासियों के लिए नगर निगम की ओर से पोलोग्राउंड पर रावण दहन का कार्यक्रम किया गया। हालांकि कार्यक्रम को लेकर शहरवासियों में रोष देखा जा रहा है। कोविड गाईडलाइन का हवाला देकर जल्द शाम ही रावण को जला दिया गया। अधिकारियों, पुलिसकर्मियों के अलावा गिनेचुने लोग मौजूद नहीं रहे। रावण भी चंद सेकंड सुलग कर खाक हो गया।

नगर निगम इस बार नवरात्रि प्रारंभ होने के बाद भी रावण बनवाना ही भूल गया। याद दिलाए जाने पर ताबड़तोड़ में एकमात्र व्यक्ति का टेंडर कॉल करके उसे ही टेंडर दे दिया गया।

रावण बनना ही देर से शुरू हुआ तो बहुत अच्छा बनने की उम्मीद तो कम थी, लेकिन शुक्रवार सुबह जब रावण को खड़ा किया गया तो सोशल मीडिया पर उसके फोटो को लेकर मजाक शुरू हो गया। रावण के पुतले से मुंह से लेकर बाकी 9 सर, हाथों में हथेलियों और पंजों का न होना भी लोगों को पसंद नहीं आया।

पुतले से लोगों को निराशा हाथ लगी और इसे लेकर कई लोगों ने कमेंट लिखे। हालांकि इससे ज्यादा निराशा लोगों को तब हुई जब शाम को ही रावण दहन हो गया और उसमें भी कोई रौनक नहीं दिखी।

## न राम की पालकी निकली, न आतिशबाजी

इस बार परंपरानुसार श्रीराम मंदिर और कालिका माता से निकलने वाली श्रीराम दरबार की झांकी भी नहीं निकली। हर कालिका माता और श्रीराम मंदिर से अलग-अलग झांकियां और शोभायात्रा निकाली जाती थी। परंतु इस साल ऐसा नहीं हुआ।

रावण दहन शाम को उजाले में ही हो गया, ऐसे में हर बार की तरह आकर्षक आतिशबाजी भी शहरवासियों को देखने को नहीं मिली।

## मेला नहीं लगने से निराश लौटे गरीब

इस साल पहले ही नवरात्रि पर मेला नहीं लगने के निर्देश मिल गए थे। परंतु शहर और आसपास रहने वाले गरीबों को दशहरे में बांसुरी, फुग्गे, प्लास्टिक के खिलौने, मिट्टी के बर्तन आदि बेचकर कुछ रुपए कमाने की उम्मीद थी। दशहरे पर भी रावण दहन बिना समारोह पूर्वक होने से यहां भी बिक्री उम्मीद अनुसार नहीं हो सकी। खान, पान, झूले वालों में भी निराशा रही।

दं. ब. ग. दुनिया
16/10/2021

# समय पर हो पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन

रतलाम, निप्र। विधायक चेतन्य काश्यप ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले सभी हितग्राहियों का नगर निगम द्वारा भौतिक सत्यापन समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा की और केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत? शहर के 10200 से अधिक पेंशनरो का भौतिक सत्यापन जल्द से जल्द करने पर बल दिया है। श्री काश्यप ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों का सत्यापन करने की प्रक्रिया रतलाम मे काफी धीमी चल रही है। सरकार द्वारा प्रतिमाह 22 तारीख को हितग्राहियो के खाते मे पेंशन जमा की जाती है। यदि समयबद्धता से सत्यापन कार्य पूर्ण नही हुआ तो हितग्राहियों को 22 अक्टूबर पश्चात पेंशन प्राप्त करने मे दिक्कत आएगी। श्री काश्यप ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले सभी हितग्राहियों से आह्वान किया कि वे समय पर अपना भौतिक सत्यापन कराएंए ताकि पेंशन प्राप्ति में परेशानी ना हो। 15-10-21

प्रभात किरण।

प्र० किरण
15/10/21

16-10-21

# रतलाम : तीर से नहीं जला रावण तो लाइटर से जलाया



लाइटर से जलाकर रावण के पुतले का किया दहन।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर सहित जिले में डेंगू की मरीज बढ़ रहे हैं। इसको देखते हुए निगम प्रशासन ने रावण दहन स्थल नेहरू स्टेडिय में फॉगिंग मशीन का धुआं किया। निगम कर्मचारी ने रावण के पुतले के चारों ओर घूमते हुए धुआं किया। दो दिन में बने 21 फीट के पुतले को जलने में 1 मिनट का समय लगा। इस बार दहन देखने के लिए लोगों की संख्या काफी कम रही, हालांकि प्रशासन ने पूर्व में ही 100 लोगों को अनुमति देने की बात कही थी।

13 अक्टूबर से बनना शुरू हुए पुतले को स्थानीय कलाकारों ने दो दिन में बनाकर शुक्रवार दोपहर को नेहरू स्टेडियम में खड़ा कर दिया। दहन के ठीक कुछ मिनट पहले बाइक पर निगम का कर्मचारी फॉगिंग मशीन लेकर ग्राउंड में पहुंचा और अतिथियों के सामने से होते हुए पुतले के पास पहुंचा।

## एक मिनट में जल गया रावण

6.00 बजे अतिथि, कलेक्टर व एसपी पहुंचे।

6.15 बजे श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान बने कलाकारों का स्वागत किया।

6.18 बजे मंच से उतर कर श्रीराम की सेना चली धुन पर कलाकार रावण के पुतले की ओर जाने के लिए निकले।

6.24 बजे 21 फीट के रावण के पुतले का किया दहन, एक मिनट में पूरा जल गया।

## 65 हजार में बना रावण का पुतला

65 हजार की कीमत से बने रावण के पुतले को शहर विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में शाम 6.24 बजे श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान बने कलाकारों की मौजूदगी में दहन किया गया। श्रीराम बने कलाकार ने जलते हुए तीर (रॉकेट) से रावण दहन का प्रयास किया लेकिन वह बुझ गया। इसके बाद पुतले के पीछे खड़े एक व्यक्ति ने लाइटर दिखाया और रावण का पुतला जलने लगा।

दै. भास्कर
16/10/2021

# MP में होगी अनुपयोगी सांडो की नसबंदी, विभाग ने दिया कलक्टरों को आदेश

भोपाल। मध्य प्रदेश के पशुपालन विभाग के एक अजीब फ़रमान ने सभा कलक्टरों की चिंता बढ़ा दी है। विभाग ने सभी अनुपयोगी सांडों की नसबंदी का आदेश दिया है। विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टर को पत्र लिखकर सांडों की जल्द से जल्द नसबंदी करने का आदेश दिया है।

आपको बता दें कि पत्र में 23 अक्टूबर से नसबंदी अभियान को चलाने का आदेश दिया है। विभाग ने जो फरमान जारी किया है, उसके मुताबिक गौशालाओं के साथ पशुपालकों के सांडों की भी नसबंदी का आदेश दिया गया है।

योगी एक्सप्रेस 15-10-21

वहीं कलेक्टरों को अब यह समझ में नहीं आ रहा कि इतने कम समय में सांडों की नसबंदी कैसे शुरू हो सकती है। और इसके साथ ही कैसे पता चलेगा कि कौन सा सांड अनुपयोगी है। फिलहाल विभाग के निर्देश प नसबंदी अभियान के लिए जिला पंचायत सहित नगरीय निकायों को आदेश दिए है।

दरअसल जानकारी के मुताबिक प्रदेश में लगभग 12 लाख सांड हैं। इतने सांडों की नसबंदी पर लगभग 12 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। विभाग ने अभियान में जिला पंचायत सहित नगरीय निकायों से भी सहयोग के निर्देश दिए हैं।वहीं प्रदेश में सांडों की नसबंदी का मामला गरमा गया है। संस्कृति बचाओ मंच विभाग के आदेश के विरोध में उतर गया है। चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि सरकार से हमारी मांग नसबंदी रोकने की है। गौवंश हमारी संस्कृति है। गौवंश समाप्त हुआ तो हमारी संस्कृति समाप्त हो जाएगी।

योगी एक्सप्रेस
15/10/21

# शहर की खराब सड़कों का आज से होगा मेंटेनेंस

## कलेक्टर ने ठेकेदारों से की कार्ययोजना पर चर्चा

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 16-10-21

शहर में वर्षा पश्चात सड़कों पर पैचवर्क की तैयारी नगर निगम द्वारा कर ली गई है। पैचवर्क के लिए सड़कें चिन्हित कर सूचीबद्ध की गई । सभी प्रमुख मार्गो पर पैच वर्क किया जाएगा, जिसका काम आज से शुरू हो जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सड़कों पर पैचवर्क कार्य के लिए गुरुवार को ठेकेदार को बुलाकर दिशा-निर्देशित किया गया, कार्य योजना पर चर्चा की गई।

शहर में मुख्य रूप से जिन सड़कों पर पेचवर्क कार्य किया जाना है उन सड़कों में त्रिपोलिया गेट से चांदनीचौक तक, चांदनीचौक से लकड़पीठा रोड, चांदनी चौक से आबकारी चौराहा तक, तोपखाना से गोशाला रोड बगीचे तक, ईदगाह के आसपास खान बावड़ी तक, कसारा बाजार से त्रिपोलिया गेट तक, भरावा कुई से हाथी वाला मंदिर तक, चिंताहरण गणेश मंदिर से थावरिया बाज़ार पानी की टंकी तक की सड़क शामिल है। इसके अलावा थावरिया बाजार से महलवाडा तक, मोचीपुरा चौराहे से सूरजपोल तक, जैन कॉलोनी के अंदर तक, टीआईटी रोड की मुख्य सड़क, %योति होटल से कालेज के सामने तिराहे तक, शनि देव मंदिर से कालिका माता मंदिर तक, गुलाब चकर वाली रोड आरडीए ऑफिस तक, बापू की होटल से हाकिमवाड़ा तक, महावीर नगर एवं लोटस सिटी क्षेत्र, स्टेशन रोड मेन रोड, फ्रीगंज मेन रोड, शास्त्री नगर कॉलोनी के अंदर की रोड, तेलियों की सड़क से मामाजी के घर तक, केर बावड़ी वार्ड नंबर 26, ला कालेज रोड आनंद कॉलोनी तक, अर्जुन नगर मेन रोड, अमृत सागर सुलभ के सामने, दीनदयाल नगर मेन रोड तक, भगतपुरी तक, गौशाला रोड जैन स्कूल के पीछे तक, गोपाल गौशाला कॉलोनी तक, 80 फिट रोड गली नंबर 6 से हनुमान ताल तथा 80 फीट से अलकापुरी तक शामिल है।

इसी तरह शक्ति नगर मेन रोड तक, बिरियाया खेड़ी वृद्ध आश्रम रोड, 80 फीट रोड से स्नेह नगर रोड, एचएमटी मसाला से रतलाम पब्लिक स्कूल तक, डोंगरे नगर मेन रोड तक, मोहन नगर मेन रोड पीडब्ल्यूडी की रोड तक, कस्तूरबा नगर मेन रोड तक, अलकापुरी मेन रोड तक तथा साक्षी पेट्रोल पंप के पास तक पैचवर्क किया जाएगा।

राजएक्सप्रेस
16/10/21

# कल से सुधरेगी शहर की सड़कें

प्रभात किरण 15-10-21

रतलाम, नप्र। खराब सड़कों की हालात कल से सुधारी जाएगी। शहर की जिन सड़कों की हालात ज्यादा खराब है उन सड़कों की पहचान कर उन्हें मरम्मत के लिए कर सूचीबद्ध कर लिया है।

मरम्मत के लिए जिन सड़कों को सूची में लिया हैं उसमें त्रिपोलिया गेट से चांदनीचौक तक की सड़क के अलावा लकड़पीठा रोड, आबकारी चौराहा, तोपखाना से गोशाला रोड बगीचे तक, ईदगाह के आसपास खान बावड़ी तक, कसारा बाजार से त्रिपोलिया गेट, भरावा कुई से हाथीवाला मंदिर तथा चिंताहरण गणेश मंदिर से थावरिया बाज़ार पानी की टंकी तक की सड़क शामिल है। इसके अलावा थावरिया बाजार से महलवाडा, मोचीपुरा चौराहे से सूरजपोल, जैन कॉलोनी के अंदर, टीआईटी रोड की मुख्य सड़क, ज्योति होटल से कॉलेज के सामने तिराहा, शनि देव मंदिर से कालिका माता मंदिर, गुलाब चकर वाली रोड से लेकर



आरडीए दफ्तर तक, बापू की होटल से हाकिमवाड़ा, महावीर नगर एवं लोटस सिटी क्षेत्र, स्टेशन रोड मेन रोड, फ्रीगंज मेन रोड, शास्त्री नगर कॉलोनी के अंदर की रोड, तेलियों की सड़क से मामाजी के घर तक, केर बावड़ी वार्ड 26, लॉ कालेज रोड आनंद कॉलोनी, अर्जुन नगर मेन रोड, अमृतसागर सुलभ के सामने, दीनदयाल नगर मेन रोड, भगतपुरी, गौशाला रोड जैन स्कूल के पीछे तक, गोपाल गौशाला कॉलोनी तथा 80 फीट रोड गली नंबर 6 से हनुमान ताल तथा 80 फीट से अलकापुरी तक शामिल है। इसी तरह शक्ति नगर मेन रोड, बिरियाया खेड़ी वृद्ध आश्रम रोड, 80 फीटरोड से स्नेह नगर रोड, एचएमटी मसाला से रतलाम पब्लिक स्कूल तक, डोंगरे नगर मेन रोड तक, मोहन नगर मेन रोड, कस्तूरबा नगर मेन रोड, अलकापुरी मेन रोड तक तथा साक्षी पेट्रोल पंप के पास तक की सड़क पर पेंचवर्क का काम कल 16 अक्टूबर से शुरू होगा। नगर निगम ने मरम्मत के लिए तैयारी कर ली है।

प्रभात किरण
16/10/2021

## शुद्धिकरण पखवाड़ा बैठक आज

रतलाम। शासन के शुद्धिकरण पखवाड़ा संबंधी बैठक 16 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे होगी। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा राजस्व अधिकारियों द्वारा पखवाड़े संबंधी किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## महलवाड़ा का कायाकल्प करने की मांग

रतलाम। श्री राजपूत नवयुवक मंडल, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, राजपूत करणी सेना व समस्त राजपूत समाज द्वारा नायब तहसीलदार पूजा भाटी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें रतलाम राजवंस की संपति रणजीत विलास पैलेस (महलवाड़ा) का राज्य शासन व जिला प्रशासन द्वारा अधिग्रहण कर हेरिटेज के रूप में विकसित करने की मांग की गई है। समाज के राजेंद्रसिंह गोयल, सुरेंद्रसिंह भाटी, किशोरसिंह चौहान, शैलेंद्रसिंह देवड़ा, महेंद्रसिंह राठौर, अजयसिंह चौहान, सुरेशसिंह चावड़ा सहित समाजजन उपस्थित थे।

# महलवाड़ा को संरक्षित और मुख्य द्वार का सौंदर्यीकरण किया जाए : विधायक

दबंग दुनिया
16-10-21

### कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से की शहर के विकास से जुड़े कई विषयों पर चर्चा

रतलाम » दबंग रिपोर्टर



विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम के महलवाड़ा परिसर क ोसंरक्षित करने और इसके मुख्य द्वार का विधायक निधि एवं नगर निगम की निधि से सौंदर्यीकरण कराए जाने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा की। उन्होंने महलवाड़ा को संरक्षित करने के लिए इससे संबंधित रिकार्ड और दस्तावेजों का अध्ययन करने एवं तत्पश्चात सुनियोजित कार्ययोजना बनाने पर बल दिया। काश्यप ने शहर विकास से जुड़े कई अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की।

काश्यप ने बताया कि रतलाम में त्रिपोलिया गेट का जिस प्रकार सौंदर्यीकरण हुआ है, उसी प्रकार महलवाड़ा के मुख्य द्वार का भी सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए। इसके लिए वे निगम निधि के साथ आवश्यकतानुसार अपनी विधायक निधि से राशि उपलब्ध कराएंगे। काश्यप ने रतलाम के प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री कालिका माता मंदिर एवं पुराने कलेक्टोरेट परिसर का भी सुनियोजित विकास. करने की कार्यवाही तेज करने को कहा। उन्होंने बताया कि पुराने कलेक्टोरेट परिसर, गुलाब चक्कर एवं पशु चिकित्सालय परिसर सहित समूचे क्षेत्र का विकास का मास्टर प्लान बनाया जाए। इन कार्यों के लिए नियुक्त कंसलटेंट से जल्द से जल्द कार्य योजना प्रस्तुत कराई जाए।

## सुर साधक ग्रुप के कलाकार किशोर कुमार को करेंगे याद

रतलाम। प्रेस क्लब रतलाम व सुर साधक संगम ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को शाम 6 बजे स्टेशन रोड स्थित महाराष्ट्र समाज हॉल में संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्श्वगायक किशोर कुमार की पुण्यतिथि (13 अक्टूबर) पर गीतोंभरी श्रद्धांजलि तथा प्रेस क्लब के दिवंगत पत्रकारों की याद में सुरमयी आदरांजलि दी जाएगी। प्रेस क्लब के सदस्य भुवनेश पंडित, जलज शर्मा व ग्रुप के सदस्यों के साथ किशोर कुमार के हिट गानों के साथ संगीतमय प्रस्तुति देंगे। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश जैन, सचिव मुकेश पुरी गोस्वामी तथा ग्रुप के प्रमोद सिंह सिसोदिया ने बताया कि कोरोना गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगा।

द.ब.ग. दुनिया
16/10/2021

**संवरेगी शहर की सड़कें** • सड़कों का निर्माण पूर्व निर्धारित 20 करोड़ रुपए से होना है

# आज से शुरू होगा पेचवर्क, मुख्य रोड व कॉलोनियों की भी सुध लेंगे

**नए रोड भी बनाए जाएंगे, अब तक 13 करोड़ रुपए के टेंडर जारी हुए** 16-1-.21

भास्कर संवाददाता | रतलाम

गड्ढेदार सड़कों से आपको आज से राहत मिलना शुरू हो जाएगी। कारण नगर निगम द्वारा शनिवार से खराब सड़कों का पेचवर्क शुरू किया जाना है। मुख्य सड़कों का तो पेचवर्क होगा ही और इसके साथ ही कॉलोनियों की सड़कों की भी मरम्मत की जाएगी। इसके लिए नगर निगम ने लिस्ट तैयार कर ली है। लिस्ट के अनुसार बारी-बारी से पेचवर्क किया जाएगा। इससे गड्ढे, धूल से शहरवासियों को राहत मिलेगी।

पानी की पाइप लाइन, सीवरेज और बारिश से शहर की सड़कें छलनी हो गई हैं। चार से पांच सड़कों को छोड़कर शेष सभी सड़कें पूरी तरह से खराब हैं। इस पर दैनिक भास्कर ने प्रमुखता यह मुद्दा उठाया और इसके लिए अफसरों और जनप्रतिनिधियों को सीधे जिम्मेदार ठहराया था। अफसरों ने तुरंत एक्शन लिया और फिर सड़कों के पेचवर्क का फैसला लिया। इसकी शुरुआत होने जा रही है और फिर शहर की सभी सड़कों का पेचवर्क किया जाएगा। पेचवर्क तो होगा ही साथ ही नई सड़कें भी बनेंगी। सड़कों का निर्माण पूर्व निर्धारित 20 करोड़ रुपए की राशि से होना है। इसमें से अब तक 13 करोड़ रुपए की राशि के टेंडर जारी हो गए। शेष 7करोड़ रुपए के टेंडर भी जल्द जारी होंगे।

## पाइप लाइन, सीवरेज और बारिश से जर्जर सड़कों का होगा पेचवर्क



ये है संत रविदास चौक से करमदी रोड। गड्ढों के कारण लोग गिर रहे हैं।

## इन प्रमुख सड़कों का होगा पेचवर्क

त्रिपोलिया गेट से चांदनी चौक तक, चांदनीचौक से लक्कड़पीठा रोड, चांदनी चौक से आबकारी चौराहा, तोपखाना से गोशाला रोड बगीचे तक, ईदगाह रोड से खान बावड़ी तक, कसारा बाजार से त्रिपोलिया गेट, भरावा कुई से हाथी वाला मंदिर, चिंताहरण गणेश मंदिर से थावरिया बाजार पानी की टंकी, थावरिया बाजार से महलवाड़ा, मोचीपुरा से सूरजपौर, दो बत्ती ज्योति होटल से कॉलेज के सामने तिराहे तक, शनि देव मंदिर से कालिकामाता मंदिर, गुलाब चक्कर से आरडीए आदि तक होगा।

**होगी मरम्मत** - जैन कॉलोनी, टीआईटी रोड, महावीर नगर, लोटस सिटी, स्टेशन रोड, फ्रीगंज, शास्त्री नगर कॉलोनी के अंदर की रोड, साईं बाबा मंदिर के पास की रोड, तेलियों की सड़क, केर बावड़ी रोड, अर्जुन नगर मेन रोड, अमृतसागर सुलभ के सामने वाला रोड, दीनदयाल नगर मेन रोड तक, भगतपुरी, गोशाला रोड जैन स्कूल के पीछे, गोपाल गोशाला कॉलोनी तक, डोंगरा नगर मेन रोड, मोहन नगर मेन रोड, कस्तूरबा नगर मेन रोड तक, अलकापुरी मेन रोड।

भास्कर

**कलेक्टर से की चर्चा** इस संबंध में विधायक चेतन्य काश्यप ने कलेक्टर से चर्चा की। विधायक ने कहा कि सड़कों का पेचवर्क जल्द पूरा किया जाए। काश्यप के अनुसार पूर्व में निर्धारित सड़कों के निर्माण की राशि 20 करोड़ की राशि में से 13 करोड़ रुपए की निविदाएं जारी हुई हैं। 7 करोड़ की निविदाएं बाकी है। इन निविदाओं की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने को कहा।

## भास्कर इश्यू


ऐसी है आम और खास की सड़कें...

3 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।


50 करोड़ से ज्यादा सालाना रोड टैक्स चुकाने के बाद भी जनता की सड़कों का हाल है बुरा

4 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

## पेचवर्क के पहले ठेकेदार से की चर्चा

इधर सड़कों के पेचवर्क के पहले कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ठेकेदार से चर्चा की। ठेकेदार को वर्षाकाल के बाद उभरे गड्ढों को व्यवस्थित ढंग से पेचवर्क करने के निर्देश दिए। साथ ही व्यवस्थित और बारी-बारी से सभी सड़कों का पेचवर्क करने के दिशा-निर्देश दिए।

दै. भास्कर
16/10/2021

# मालाखेड़ी ट्रांसपोर्टनगर पर नए इंतजाम

15-10-21 प्रभात किरण।

रतलाम, नप्र। रतलाम के पास मालाखेड़ी में ट्रांसपोर्ट नगर बनना है। 18 हेक्टेयर जमीन पर बनने वाले ट्रांसपोर्टनगर में पांच हजार स्कवेयर फीट के करीब 32 तथा दस हजार स्कवेयरफीट के 48 प्लॉट होंगे। करीब चालीस छोटी दुकानें भी होगी। ट्रांसपोर्टनग की जमीन फ्री होल्ड रहेगी।

ट्रांसपोर्ट नगर के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष पर बैठक हुई। विधायक चैतन्य काश्यप तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की मौजूदगी में रतलाम शहर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ चर्चा के बाद योजना को अंतिम रूप दिया। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की मांग के अनुरूप जरुरी संशोधनों के बाद ट्रांसपोर्ट नगर के नक्शे को इस माह के अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। 15 नवंबर तक ट्रांसपोर्ट नगर में अधोसंरचना निर्माण के लिए टेंडर कार्रवाई प्राधिकरण की ओर से पूरी कर ली जाएगी। बैठक में कंसल्टेंसी की ओर से प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर योजना का प्रजेंटेशन दिया। इस दौरान रतलाम विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जमुना भिड़े, एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रदीप छिपानी, वीरेन्द्र श्रीमाल, आशीष बाकलीवाल, प्रहलाद राठी आदि मौजूद रहे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर सर्वसुविधायुक्त रहेगा। अच्छी लोकेशन पर ट्रांसपोर्ट नगर बनने जा रहा है जहां 24-24 मीटर की सड़के बनाई जाएंगी। किसी भी हालात में 18 मीटर चौड़ाई से कम की कोई सड़क नहीं होगी।

बैठक में बताया गया कि ट्रांसपोर्टनगर इस प्रकार विकसित किया जाएगा कि अतिक्रमण की भविष्य में कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। तकरीबन 200 ट्रक क्षमता की आधुनिक पार्किंग बनाई जाने के साथ पब्लिक टॉयलेट, फायरस्टेशन, वाटर सप्लाई लाइन, अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिसिटी वायरिंग, कैंटीन, सीसीटीवी, एटीएम, रिपेयर शॉप आदि की सुविधाएं निर्मित की जाएंगी। मोबाइल टावर के लिए भी जगह सुरक्षित की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि बैंकों के लिए भी व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि नक्शा फाइनल करने के बाद ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन को दिखाया जाएगा उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## महलवाड़ा का दरवाजा संवारेंगे

रतलाम, नप्र। त्रिपोलियागेट की तरह महलवाड़ा परिसर के मुख्य दरवाजे का सौंदर्यीकरण होगा। कालिका माता मंदिर और पुराने कलेक्टोरेट परिसर का विकास भी सुनियोजित तरीके से होगा। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने महलवाड़ा परिसर का सौंदर्यीकरण विधायक एवं नगर निगम की निधि से कराए के संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा कर सुनियोजित कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। नगर के प्राचीन एवं प्रसिद्ध कालिका माता मंदिर एवं पुराने कलेक्टोरेट परिसर के विकास के लिए कार्यवाही पर कहा कि लाल पत्थर से कालिका माता मंदिर के नवनिर्माण की योजना में गति लाई जाए। उन्होंने बताया कि पुराने कलेक्टोरेट परिसर, गुलाब चक्कर एवं पशु चिकित्सालय परिसर सहित समूचे क्षेत्र का विकास करने के लिए मास्टर प्लान बनाया जाकर इन कामों के लिए नियुक्त कंसलटेंट से जल्द से जल्द कार्ययोजना प्रस्तुत कराई जाए। आरडीए के माध्यम से जिला अस्पताल के 300 बिस्तरों वाले बहुमंजिला भवन के निर्माण की कार्रवाई को तेज करने पर जोर दिया।

प्रभात किरण
15/10/2021

# महलवाड़ा और कालिका माता क्षेत्र के सौंदर्यीकरण पर मथन



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क** 16-10-21

विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम के महलवाडा परिसर संरक्षित करने और इसके मुख्य द्वार का विधायक निधि एवं नगर निगम की निधि से सौंदर्यीकरण कराए जाने हेतु कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा की। उन्होंने महलवाडा को संरक्षित करने हेतु इससे संबंधित रिकार्ड और दस्तावेजों का अध्ययन करने एवं तत्पश्चात सुनियोजित कार्ययोजना बनाने पर बल दिया। श्री काश्यप ने शहर विकास से जुडे कई अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि रतलाम में त्रिपोलिया गेट का जिस प्रकार सौंदर्यीकरण हुआ है। उसी प्रकार महलवाडा के मुख्य द्वार का भी सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए। इसके लिए वे निगम निधि के साथ आवश्यकतानुसार अपनी विधायक निधि से राशि उपलब्ध कराएंगे।

श्री काश्यप ने रतलाम के प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री कालिका माता मंदिर एवं पुराने कलेक्टोरेट परिसर का भी सुनियोजित विकास करने की कार्यवाही तेज करने को कहा। उन्होंने बताया कि पुराने कलेक्टोरेट परिसर, गुलाब चक्कर एवं पशु चिकित्सालय परिसर सहित समूचे क्षेत्र का विकास करने हेतु मास्टर प्लान बनाया जाए। इन कार्यों के लिए नियुक्त कंसलटेंट से जल्द से जल्द कार्य योजना प्रस्तुत कराई जाए।

श्री काश्यप ने लाल पत्थर से श्री कालिका माता मंदिर के नव' निर्माण की योजना में गति लाने पर जोर दिया। उन्होंने रिडेंसीफिकेशन योजना के तहत आरडीए के माध्यम से रतलाम जिला चिकित्सालय के 300 बिस्तरों वाले बहुमंजिला भवन के निर्माण की कार्यवाही भी तेज करने पर बल दिया। उन्होंने रतलाम शहर में सीवरेज लाईन, पेयजल पाईप लाईन की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण क्षतिग्रस्त हुई सडकों का पेचवर्क जल्द पूर्ण करने को कहा। साथ ही शहर के मुख्य एवं आंतरिक मार्गों के निर्माण हेतु चिन्हित सडकों की शेष रही निविदाएं जारी करने पर बल दिया।

श्री काश्यप के अनुसार पूर्व में निर्धारित सडकों के निर्माण की राशि 20 करोड की राशि में से अब तक 13 करोड की निविदाएं जारी हुई है। 7 करोड की निविदाएं जारी होना अभी शेष है। इन निविदाओं की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के साथ-साथ शेष बची चिन्हित सडकों की निविदाएं भी जल्द से जल्द जारी करने को कहा।

राजएक्सप्रेस
16/10/2021

एक्सक्लूसिव

## विधायक और कलेक्टर ने कार्यो पर की चर्चा



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के नगर निगम से महलवाड़ा तक के प्रस्तावित सिटी फोरलेन की मंजूरी ठंडे बस्ते में चली गई है। नगर निगम ने इसके टेंडर कर दिए थे। तब से अब तक मामला नगर निगम के पास निर्माण के लिए फंड के अभाव के चलते निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। अब जब लागत बढ़ गई तब शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कलेक्टर से मिलकर राजमहल को संरक्षित करने व सौदर्यीकण करने के मामले पर चर्चा की है।

कई वर्षो से शहर के एतिहासिक राजमहल को संरक्षित व सौदर्यीकरण करने की मांग हो रही है। इसके लिए समय समय पर पोर्स्टकार्ड लिखने से लेकर धरना आंदोलन तक किए गए। अब शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने इसके लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मिलकर इसी आवाज को उठाया है। शहर विधायक काश्यप ने महलवाडा परिसर संरक्षित करने और इसके मुख्य द्वार का विधायक निधि एवं नगर निगम की निधि से सौंदर्यीकरण कराए जाने हेतु कलेक्टर से चर्चा की। उन्होंने महलवाड़ा को संरक्षित करने हेतु इससे संबधित रिकार्ड और भी बता की।

### विधायक निधि से राशि उपलब्ध

विधायक काश्यप ने बताया कि रतलाम में त्रिपोलिया गेट का जिस प्रकार सौंदर्यीकरण हुआ है। उसी प्रकार महलवाड़ा के मुख्य द्वार का भी सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए। इसके लिए वे निगम निधि के साथ आवस्यकतानुसार अपनी विधायक निधि से राशि उपलब्ध कराएंगे। काश्यप ने प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री कालिका माता मंदिर एवं पुराने कलेक्टोरेट परिसर का भी सुनियोजित विकास करने की कार्यवाही तेज करने को कहा। उन्होंने बताया कि पुराने कलेक्टोरेट नियुक्त कंसलटेंट से जल्द से जल्द कार्य योजना प्रस्तुत कराई जाए।

### लाल पत्थर से करेंगे निर्माण

काश्यप ने लाल पत्थर से श्री कालिका माता मंदिर के नव निर्माण की योजना में गति लाने पर जोर दिया। उन्होंने रिडेंसीफिकेशन योजना के अंर्तत आरडीए के माध्यम से जिला चिकित्सालय के 300 बिस्तरों वाले बहुमंजिला भवन के निर्माण की कार्यवाही भी तेज करने पर बल दिया। शहर में सीवरेज लाईन, पेयजल पाईप लाईन की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़क का पेचवर्क जल्द पूर्ण करने को कहा।

राजपूत समाज ने किया विधायक काश्यप का अभिनंदन 16-10-21

# महलवाड़ा को संरक्षित स्मारक बनाने की घोषणा पर विधायक का अभिनंदन

ई. पत्रिका
16-10-2021

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. राजपूत समाज द्वारा शुक्रवार को विधायक चेतन्य काश्यप के निवास पर पहुंचकर उनका अभिनंदन किया गया। समाजजनों ने परंपरानुसार काश्यप को साफा पहनाया और पुष्पमालाओं से सम्मान कर कहा कि रतलाम के विकास की नई इबारत शहर विधायक लिख रहे हैं। उनके प्रयासों से रतलाम राजवंश की ऐतिहासिक धरोहर को भी नया स्वरूप मिलेगा।

अभिनंदन करने आए समाजजनों को संबोधित करते हुए विधायक काश्यप ने कहा कि आगामी 20 वर्षों को ध्यान रखकर रतलाम के विकास का ताना-बाना बुना जा रहा है। बीते दो सालों में कोरोना महामारी के कारण कार्य प्रभावित हुए लेकिन शहरवासियों की दृढ़ इच्छा शक्ति ने इस महामारी पर विजय पाई है।


काश्यप ने कहा कि महलवाड़ा को संरक्षित स्मारक बनाने की शुरूआत द्वार के सौन्दर्यीकरण से की जाएगी। इस संबंध में उनकी मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से भी चर्चा हुई है यदि कानूनी अड़चन आई तो उसके निवारण के लिए विधानसभा तक पहल की जाएगी। त्रिपोलिया गेट का जिस प्रकार सौन्दर्यीकरण हुआ है। समारोह के दौरान राजेन्द्रसिंह गोयल, सुरेन्द्रसिंह भाटी, कैलाशसिंह चौहान, किशोरसिंह चौहान, टिकमसिंह सोलंकी, महेन्द्रसिंह चौहान, सुरेन्द्रसिंह वाघेला, दिनेशसिंह वाघेला, मनोहरसिंह चौहान, डाडमसिंह राठौर, महिपालसिंह वाघेला, देवीसिंह राठौर, रघुवीरसिंह सांखला, विनोदसिंह सोढ़ा, अजयसिंह चौहान, धीरेन्द्रसिंह गोयल सहित आदि समाजजन मौजूद रहे।

# महलवाड़ा परिसर को संरक्षित करने और मुख्य द्वार का सौंदर्यीकरण किया जाए : विधायक काश्यप

16-10-21

## कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से शहर विकास से जुड़े कई विषयों पर की चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम के महलवाड़ा परिसर संरक्षित करने और इसके मुख्य द्वार का विधायक निधि एवं नगर निगम की निधि से सौंदर्यीकरण कराए जाने हेतु कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा की। उन्होंने महलवाड़ा को संरक्षित करने हेतु इससे संबंधित रिकार्ड और दस्तावेजों का अध्ययन करने एवं तत्पश्चात सुनियोजित कार्ययोजना बनाने पर बल दिया। श्री काश्यप ने शहर विकास से जुड़े कई अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि रतलाम में त्रिपोलिया गेट का जिस प्रकार सौंदर्यीकरण हुआ है। उसी प्रकार महलवाड़ा के मुख्य द्वार का भी सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए। इसके लिए वे निगम निधि के साथ आवश्यकतानुसार अपनी विधायक निधि से राशि उपलब्ध कराएंगे। श्री काश्यप ने रतलाम के प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री कालिका माता मंदिर एवं पुराने कलेक्टोरेट परिसर का भी सुनियोजित विकास करने की कार्यवाही तेज करने को कहा।

उन्होंने बताया कि पुराने कलेक्टोरेट परिसर, गुलाब चक्कर एवं पशु चिकित्सालय परिसर सहित समूचे क्षेत्र का विकास करने हेतु मास्टर प्लान बनाया जाए। इन कार्यों के लिए नियुक्त कंसलटेंट से जल्द से जल्द कार्य योजना प्रस्तुत कराई जाए।

श्री काश्यप ने लाल पत्थर से श्री कालिका माता मंदिर के नव निर्माण की योजना में गति लाने पर जोर दिया। उन्होंने रिडेंसीफिकेशन योजना के तहत आरडीए के माध्यम से रतलाम जिला चिकित्सालय के 300 बिस्तरों वाले बहुमंजिला भवन के निर्माण की कार्यवाही भी तेज करने पर बल दिया। उन्होंने रतलाम शहर में सीवरेज लाईन, पेयजल पाईप लाईन की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का पेचवर्क जल्द पूर्ण करने को कहा। साथ ही शहर के मुख्य एवं आंतरिक मार्गों के निर्माण हेतु चिन्हित सड़कों की शेष रही निविदाएं जारी करने पर बल दिया।

श्री काश्यप के अनुसार पूर्व में निर्धारित सड़कों के निर्माण की राशि 20 करोड़ की राशि में से अब तक 13 करोड़ की निविदाएं जारी हुई है। 7 करोड़ की निविदाएं जारी होना अभी शेष है। इन निविदाओं की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के साथ-साथ शेष बची चिन्हित सड़कों की निविदाएं भी जल्द से जल्द जारी करने को कहा।

दै. अवन्तिका
16/10/2021

# अक्टूबर अंत तक ट्रांसपोर्ट नगर के नक्शे को दिया जाएगा अंतिम रूप

## 15 नवंबर तक प्राधिकरण टेंडर कार्रवाई पूर्ण करेगा



रतलाम » दबंग रिपोर्टर

रतलाम के समीप सालाखेड़ी ग्राम में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को आयोजित की गई। रतलाम शहर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ विधायक चैतन्य काश्यप तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा चर्चा करते हुए योजना को अंतिम रूप दिया गया। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की मांग के अनुरूप जरूरी संशोधनों के उपरांत ट्रांसपोर्ट नगर के नक्शे को जारी अक्टूबर माह अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। 15 नवंबर तक ट्रांसपोर्ट नगर में अधोसंरचना निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया प्राधिकरण द्वारा पूरी कर ली जाएगी। बैठक में कंसलटेंसी द्वारा प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर योजना का प्रजेंटेशन दिया गया। इस दौरान रतलाम विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जमुना भिड़े, एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रदीप छिपानी, वीरेंद्र श्रीमाल, आशीष बाकलीवाल, प्रहलाद राठी उपस्थित थे। बताया गया कि 18 हेक्टेयर भूमि पर निर्मित होने वाले ट्रांसपोर्ट नगर में 5000 वर्गफीट के करीब 32 प्लॉट तथा 10000 वर्गफीट आकार के लगभग 48 प्लॉट रहेंगे। करीब 40 छोटी दुकानें रहेंगी।

### 24 - 24 मीटर की सड़कें बनेंगी ट्रांसपोर्ट नगर में

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर सर्वसुविधायुक्त रहेगा। अच्छी लोकेशन पर ट्रांसपोर्ट नगर बनने जा रहा है जहां 24-24 मीटर की सड़कें बनाई जाएंगी, किसी स्थिति में भी 18 मीटर चौड़ाई से कम की कोई सड़क नहीं होगी। इस प्रकार विकसित किया जाएगा कि अतिक्रमण की भविष्य में कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। कलेक्टर ने कहा कि ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की मांग अनुरूप ट्रांसपोर्ट नगर में सभी सुविधाएं पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली गई है। ट्रांसपोर्ट नगर में 200 ट्रक क्षमता की आधुनिक पार्किंग बनाई जाएगी। पब्लिक टॉयलेट, फायर स्टेशन, वाटर सप्लाई लाइन, अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिसिटी वायरिंग, कैंटीन, सीसीटीवी, एटीएम, रिपेयर शॉप इत्यादि सुविधाएं निर्मित की जाएंगी। मोबाइल टॉवर के लिए स्थान सुरक्षित रखा जाएगा।

दबंग दुनिया
16-10-21

द. बंग दुनिया
16/10/2021

200 से कम लोगों की मौजूदगी में रावण दहन की परंपरा पूरी कराई 16-10-21

# बंदिशों के पहरे में अहंकार का दंभ स्वाहा

पत्रिका

## प्रशासन की गाइडलाइन से नजर नहीं आया उत्साह, 100 लोगों की बांध दी थी सीमा

## एक मिनट से भी कम समय में जल गया 65 हजार में बना 20 फीट का रावण का पुतला



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना गाइडलाइन का हवाला देकर पुलिस-प्रशासन ने विजयादशमी पर 200 से भी कम लोगों की मौजूदगी में रावण दहन करा दिया। शहर के स्टेडियम मैदान में 20 फीट का रावण का पुतला एक मिनट से भी कम समय में जल गया। दहन के दौरान न तो आतिशबाजी की रंगत थी और ना ही लोगों का उत्साह ही नजर आया। गाइडलाइन के तहत महज 100 लोगों को प्रवेश देने की सूचना के कारण आसपास के निवासरत लोग भी स्टेडियम नहीं पहुंचे, क्योंकि दहन के समय को लेकर भी आखिरी वक्त तक उलझन बनी रही। वहीं, शहर में कॉलोनियों और मोहल्लों में भी छोटे रावण के पुतलों का दहन किया गया। हालांकि पाबंदियों का असर यहां भी नजर आया तो बाजार में भी पुलिस चौकसी रही।

दशहरा पर्व पर शुक्रवार शाम नेहरू स्टेडियम पर रावण दहन का आयोजन हुआ। रावण का पुतला बनाने वाले करीब आधा दर्जन से अधिक कारीगरों की तीन दिन और रात की मेहतन से बना पुतला महज 50 सेकंड में जल गया। दरअसल रावण के पुतले का कद इस बार गत वर्ष की तुलना में दस घटा कर 20 फीट कर दिया गया था। वहीं, कोविड प्रोटोकाल का हवाला देकर अधिकारियों ने आमजन का उत्साह भी कम कर दिया। गत वर्ष प्रशासन ने फेसबुक लाइव के माध्यम से शहरवासियों को रावण दहन का कार्यक्रम दिखाया था लेकिन इस बार यह भी नहीं किया। लोगों की माने तो रावण का पुतला बनाने वाली फर्म को समय कम मिला जिस कारण इसका कद गत वर्ष रावण के पुतले से 10 फीट कम करके 20 फीट का करना पड़ा। गत वर्ष रावण का पुतला 31 फीट लंबा था।



### प्रतिकात्मक रूप से किया आयोजन

दरअसल रावण दहन कार्यक्रम प्रतिकात्मक रूप से किया जाना बताया जा रहा है। दरअसल शाम तक शहरवासियों को भी यह पता नही था कि रावण दहन कार्यक्रम कितनी बजे होगा। पुलिस की माने तो यदि समय का उल्लेख कर दिया जाता तो यहां पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की भीड़ जमा हो जाती। इसी कारण से शाम 6 बजे का समय रखा गया था, ताकि ज्यादा संख्या में लोगों की भीड़ नेहरू स्टेडियम में जमा न हो सके।

### नहीं निकला चल समारोह

कालिका माता सेवा मंडल की तरफ से निकलने वाला चल समारोह इस बार भी नही निकाला गया। सेवा मंडल द्वारा श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी को प्रतिकात्मक रूप तैयार कर रावण दहन के लिए नेहरू स्टेडियम भेजा गया। इनके यहां आने पर शहर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने इनका स्वागत किया और फिर 6.20 बजे पुतला दहन किया गया, जिसके बाद बधाईयों का दौर शुरू हो गया।

पत्रिका 16/10/2021

# पाइप गोदाम में लगी भीषण आग, दमकल कर्मियों ने जान पर खेलकर आग पर काबू पाया, प्रशासन हुआं अलर्ट

15-10-21



रमेश सोनी

रतलाम। शहर के मोहन नगर में पाइप गोदाम में आग लग जाने से हड़कंप मच गया आग की लपटे और धुएं से समूचे क्षेत्र में रहवासियों का दम घुटने लगा।

मामले की खबर जैसे ही शहर में फैली आग पर काबू पाने के लिए कई लोग जुट गए, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने में जान जोखिम में डालकर प्रयास कर रहे हैं।मोहन नगर क्षेत्र में स्थित प्लास्टिक पाइप के एक गोदाम में दोपहर करीब ग्यारह बजे अचानक आग लगी।आग की लपटों से देखते ही देखते विकराल रुप धारण कर लिया।आगजनी से निकले धुएं ने आसपास के कई क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया है, आग का धुंआ कई किलोमीटर दूर सें दिखाई दे रहा है। भीषण आगजनी पर अब तक कई टैंकर पानी डाला जा चुका है लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका है जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पंहुच गए हैं।

## प्लास्टिक के कारण भड़की आग

गोदाम में पीवीसी पाइप भरे हुए थे, जिसकी वजह से आग तेजी से फैली और देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रुप धारण कर लिया।भीषण आग से गहरा काला धुआं शहर में दूर दूर तक नजर आने लगा।गहरे काले धुएं ने डोंगरे नगर विरीयीखेडी जैसे कई क्षेत्रों को पूरी तरह ढंक लिया और इन इलाकों में अंधेरा सा छा गया।पाइप का यह गोदाम इण्डियन आइल के पैट्रोल पंप के बिल्कुल पास में स्थित है।भीषण अग्निकाण्ड की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पंहुच गए।आगजनी के चलते आसपास में लोगों की भारी भीड जमा हो गई है। भीड को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक फायर ब्रिगेड की कई लारियों से पानी डाल्ने के बावजूद भी आग काबू में नहीं आ पाई है।

## अधिकारी पंहुंचे घटना स्थल

घटनास्थल पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी व अनेक प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद है।समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं बता दें कि जिला प्रशासन के अधिकारी आग लगने के एक घंटे बाद तक मौके पर पहुंचे, समय रहते अधिकारी पंहुच जातें तो निश्चित ही आग पर जल्द नियंत्रण हों सकता था।कस्तूरबा नगर स्थित पानी की टंकी से दमकल विभाग ने दमकलों को भरकर लाने में मदद मिली बता दें कि आग लगे स्थान से नगर निगम कार्यालय घटना स्थल से दुर होने से आग पर नियंत्रण करने में देरी हो सकती थीं।

15/10/21

**नगर निगम सख्त** • मामला मोहन नगर में अवैध गोदाम में रखे प्लास्टिक पाइप में गुरुवार को आग लगने का

# गोदाम संचालक से मांगा आग बुझाने का खर्च, आपराधिक प्रकरण के लिए पत्र लिखा

**भास्कर फॉलोअप**

### आपाधापी का लाभ उठाकर कुकिंग गैस की पांच टंकियां चुरा ले गए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मोहन नगर में पाइप के अवैध गोदाम में लगी आग बुझाने का खर्चा नगर निगम ने संचालक से मांगा है। अवैध कॉलोनी में अनुमति के बगैर गोदाम संचालित करने के लिए नोटिस भी दिया है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि संचालक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण भी दर्ज करवाया जाएगा। आग लगने से मची आपाधापी का लाभ चोरों ने उठाया और कुकिंग गैस की पांच टंकियां चोरी हो गईं। आग से प्रभावित 12 मकानों क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रभावित मकानों के रहवासी मुआवजे के इंतजार में है।

मोहन नगर में प्लास्टिक पाइप के खुले गोदाम में गुरुवार सुबह 10:45 बजे आग लग गई थी। नगर निगम, इप्का, नामली और धामनोद की फायर लारियों में दोपहर 12:30 बजे तक आग पर काबू पाया। आग की चपेट में गोदाम की बाउंड्रीवॉल से सटे गणेश नगर के 12 मकान भी चपेट में आ गए। मकानों के पीछे की दीवारों में दरार आ गई। पानी के लिए छत पर रखी प्लास्टिक की टंकियां और घरों के पिछले कमरे की वायरिंग गल गईं। प्रभावित रहवासियों ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया आग बुझाने में नगर निगम का करीब पांच लाख रुपए व्यय हुआ है। गोदाम मालिक राजेश पगारिया को नोटिस देकर तीन दिन में राशि जमा करवाने को कहा है। खतरनाक ज्वलनशील वस्तु का भंडारण रहवासी क्षेत्र में करने पर पुलिस को भी पत्र लिखा है। शहर में भी इस तरह गोदाम मिले तो कार्यवाही की जाएगी।

औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि नगर निगम से प्राप्त पत्र ने पांच लाख रुपए वसूली और रहवासी क्षेत्र में पाइप रखने संबंधित पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। घटना को लेकर क्षेत्र के रहवासियों द्वारा की गई शिकायत पर प्रकरण दर्ज है। नगर निगम की शिकायत उसी प्रकरण में शामिल कर कार्यवाही करेंगे।

### सिलेंडर की चोरी के बाद पड़ोसियों से मांगकर खाना बनाया

गुरुवार को आग लगने की घटना के बाद गोदाम पास स्थित गणेश नगर के रहवासी भयभीत हो गए। गोदाम की बाउंड्री से लगे मकानों में रह रहे लोगों ने पिछले कमरे का सामान और किचन में रखे गैस सिलेंडर घरों के बाहर निकालकर रख लिए। बाउंड्रीवॉल से लगे घरों के अलावा भी कॉलोनी के अन्य लोगों ने भी एहतियात के तौर पर गैस सिलेंडर खोलकर घर से बाहर रख दिए थे। आपाधापी का चोरों ने फायदा उठाया और गणेश नगर से पांच गैस सिलेंडर चोरी हो गए। गणेश नगर निवासी रामचंद्र पंड्या के तीन सिलेंडर तथा राजू तिवारी और चंद्रभान सोलंकी के एक-एक सिलेंडर चोरी हुए हैं। दिन में गैस सिलेंडर चोरी हो गए तो आसपास के लोगों से सिलेंडर लेकर रात को भोजन बनाया। पानी की टंकियां गल गई थी तो पानी भी मांगा।

16-10,21

**व्यावसायिक डायवर्शन करवा लिया** - व्यवसायी राजेश पगारिया ने बताया नगर निगम का नोटिस उन्हें मिल चुका है। आग से जिन मकानों की दीवारें क्षतिग्रस्त हुई हैं मरम्मत करवाई जाएगी। पानी की टंकियां भी दे देंगे। स्टॉक मिलाने पर पता लग पाएगा कि कितना नुकसान हुआ है। व्यवसायी पगारिया ने बताया मोहन नगर स्थित भूखंड का उन्होंने व्यवसायिक डायवर्शन करवा लिया है। नगर निगम को दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे। व्यवसायी पगारिया ने बताया कि घटना षड्यंत्र के कारण हुई है या दुर्घटना है जांच का विषय है।

दै. भास्कर
16-10-2021

महलवाड़ा को संरक्षित और मुख्य द्वार का सौंदर्यीकरण किया जाए

पत्रिका 16-10-21

# विधायक निधि से संरक्षित होगा शहर का महलवाड़ा

एक्सक्लूसिव

## विधायक और कलेक्टर ने कार्यों पर की चर्चा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** शहर के नगर निगम से महलवाड़ा तक के प्रस्तावित सिटी फोरलेन की मंजूरी ठंडे बस्ते में चली गई है। नगर निगम ने इसके टेंडर कर दिए थे। तब से अब तक मामला नगर निगम के पास निर्माण के लिए फंड के अभाव के चलते निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। अब जब लागत बढ़ गई तब शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कलेक्टर से मिलकर राजमहल को संरक्षित करने व सौंदर्यीकण करने के मामले पर चर्चा की है।

कई वर्षों से शहर के एतिहासिक राजमहल को संरक्षित व सौंदर्यीकरण करने की मांग हो रही है। इसके लिए समय समय पर पोर्स्टकार्ड लिखने से लेकर धरना आंदोलन तक किए गए। अब शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने इसके लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मिलकर इसी आवाज को उठाया है। शहर विधायक काश्यप ने महलवाडा परिसर संरक्षित करने और इसके मुख्य द्वार का विधायक निधि एवं नगर निगम की निधि से सौंदर्यीकरण कराए जाने हेतु कलेक्टर से चर्चा की। उन्होंने महलवाड़ा को संरक्षित करने हेतु इससे संबंधित रिकार्ड और दस्तावेजों का अध्ययन करने एवं तत्पश्चात सुनियोजित कार्ययोजना बनाने पर बल दिया। काश्यप ने शहर विकास से जुड़े कई अन्य विषयों पर भी बता की।

### विधायक निधि से राशि उपलब्ध

विधायक काश्यप ने बताया कि रतलाम में त्रिपोलिया गेट का जिस प्रकार सौंदर्यीकरण हुआ है। उसी प्रकार महलवाड़ा के मुख्य द्वार का भी सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए। इसके लिए वे निगम निधि के साथ आवश्यकतानुसार अपनी विधायक निधि से राशि उपलब्ध कराएंगे। काश्यप ने प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री कालिका माता मदिर एवं पुराने कलेक्टोरेट परिसर का भी सुनियोजित विकास करने की कार्यवाही तेज करने को कहा। उन्होंने बताया कि पुराने कलेक्टोरेट परिसर, गुलाब चक्कर एवं पशु चिकित्सालय परिसर सहित समूचे क्षेत्र का विकास करने हेतु मास्टर प्लान बनाया जाए। इन कार्यों के लिए नियुक्त कंसलटेंट से जल्द से जल्द कार्य योजना प्रस्तुत कराई जाए।

### लाल पत्थर से करेंगे निर्माण

काश्यप ने लाल पत्थर से श्री कालिका माता मंदिर के नव निर्माण की योजना में गति लाने पर जोर दिया। उन्होंने रिडेंसीफिकेशन योजना के अंर्तत आरडीए के माध्यम से जिला चिकित्सालय के 300 बिस्तरों वाले बहुमजिला भवन के निर्माण की कार्यवाही भी तेज करने पर बल दिया। शहर में सीवरेज लाईन, पेयजल पाईप लाईन की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़क का पेचवर्क जल्द पूर्ण करने को कहा।

---

राजपूत समाज ने किया विधायक काश्यप का अभिनंदन 16-10-21

# महलवाड़ा को संरक्षित स्मारक बनाने की घोषणा पर विधायक का अभिनंदन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** राजपूत समाज द्वारा शुक्रवार को विधायक चेतन्य काश्यप के निवास पर पहुंचकर उनका अभिनंदन किया गया। समाजजनों ने परंपरानुसार काश्यप को साफा पहनाया और पुष्पमालाओं से सम्मान कर कहा कि रतलाम के विकास की नई इबारत शहर विधायक लिख रहे हैं। उनके प्रयासों

पर विजय पाई है।

गोयल, सुरेन्द्रसिंह भाटी,

दै. पत्रिका
16-10-2021

# पाइप गोदाम में लगी भीषण आग, देखने लोगों की भीड़ उमड़ी

रतलाम। मोहननगर क्षेत्र स्थित माता मंदिर के समीप एक पाइप गोदाम में आग भभकने से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे प्लास्टिक के पाइप गोदाम में आग भभकने के बाद थोड़ी दूरी

## ▶ पास में था पेट्रोल पंप, प्रशासन ने खाली करवाया

पर स्थित पेट्रोल पंप पर विक्रय बंद कराने के अलावा उसे खाली भी कराया गया।

सोशल मीडिया पर विकराल आग की सूचना एवं वीडियो वायरल होने से मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। ऐहतियात बतौर मौके पर फायर बिग्रेड सहित पुलिस अमले को तैनात करना पड़ा। पाइप गोदाम में लगी आग पर दमकल विभाग ने करीब दो घण्टे में काबू कर लिया। आग पर काबू पाने के लिए करीब चौदह टैंकर पानी का उपयोग किया गया। इस काम में निजी टैंकरों का भी उपयोग किया गया।



अग्निकाण्ड के बाद नगर निगम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गोदाम की बाउण्ड्री वाल को ढहा दिया। इस भीषण अग्निकाण्ड में किसी तरह की जनहानि तो नहीं हुई,लेकिन आसपास के कई घरों में काफी नुकसान हुआ है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने आसपास के रहवासियों की रिपोर्ट पर आगजनी का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा रहा हैं।

## अधिकारी भी पहुंचे

स्थानीय रहवासियों की आग की सूचना पर मौके पर एक ही फायर बिग्रेड पहुंची जो कि नाकाफी रही। सोशल मीडिया के माध्यम से अधिकारियों को जानकारी पहुंचने के बाद दो अन्य फायर बिग्रेड के साथ नगर निगम का दमकल अमला भेजा गया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शार्ट -सर्किट बताया जा रहा है। मौके पर एसपी गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषेक गहलोत सहित प्रशासनिक अमला एवं पुलिस बल मौजूद है।

## दूर तक लोगों ने देखा धूंआ

गुरुवार सुबह मोहननगर क्षेत्र स्थित प्लास्टिक के पाइप गोदाम में अचानक आग भभकने के साथ आसमान में उठता धुंआ करीब 4 किलोमीटर दूर से देखा गया।

नवभारत 16-10-21

नवभारत 16-10-2021

# प्रशासन का निर्णय : शहर के आवासीय क्षेत्रों से हटेंगे खतरे के व्यापार

## अग्निकांड के बाद प्रशासन ने लिया फेसला, उधर जिस गोदाम में आग लगी उसके संचालक पर होगी एफआईआर

16-10-21

रतलाम। कल मोहन नगर क्षेत्र में प्लास्टिक गोदाम में लगी भीषण आग के बाद प्रशसन ने अब यह निर्णय लिया है कि शहर में आवासीय क्षेत्रों में जीतने भी ऐसे व्यापार संचालित किए जा रहे है जो आमजन के स्वास्थ्य के लिए प्रतिकुल तथा सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक है उन्हे हटाया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने इसके लिए अधीनस्थ अमले को निर्देशित कर दिया है। इस बीच मोहन नगर के जिस पाईप गोदाम में आग लगी उसके संचालक राजेश पगारिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए निगम ने पुलिस को पत्र लिखा है। इसके साथ ही इस अग्निकांड से जिन दर्जनभर घरों को जो भी नुकसान पहुंचा उनको नियमानुसार मुआवजा दिए जाने की तैयारी भी की जा रही है। (1)

गौरतलब है कि कल यहा मोहन नगर क्षेत्र में एक पाईप के गोदाम में भीषण आग लगी थी और आग ने इतना रुद्र रुप लिया था कि करीब 5 किलोमीटर तक धुआ ही धुआ दिख रहा था। हालांकि पुलिस एवं प्रशासन तथा निगम अमले की सतर्कता से जल्द ही काबू पा लिया गया, लेकिन फिर भी करीब दो घंटे की इस अफरा तफरी में क्षेत्र के दर्जनभर घरों को नुकसान पहुंचा। बताया जाता है कि आवासीय क्षेत्र में इस गोदाम को स्टेशन रोड पर दिलबहार चौराहे के समीप दुकान चलाने वाले राजेश पगारिया ने करीब तीन महीने पहले ही बनवाया था और निगम से इस बारे में कोई अनुमति नही ली थी। कल की घटना के बाद निगम ने गोदाम संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को पत्र लिखा है।

राजएक्सप्रेस 16-10-2021

## गंदगी फैलाकर स्वच्छता पर्यवेक्षक से अभद्रता की

रतलाम | बाजना बस स्टैंड पर गंदगी फैला रहे फ्रूट विक्रेता पर स्पॉट फाइन किया तो फलों का ठेला लगाने वाले दो भाईयों ने टीम से गालीगलौज की। दोनों भाईयों के खिलाफ माणकचौक थाने में प्रकरण दर्ज किया है। नगर निगम स्वच्छता उप पर्यवेक्षक विराट मेहरा ने बताया टीम के साथ बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में कार्यवाही कर रहे थे। फल बेचने वाले कैलाश के ठेले के पास गंदगी दिखने पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही की तो कैलाश राठौड़ निवासी श्रीनगर कॉलोनी व उसके भाई राजेश ने गालीगलौज की।

भास्कर
16-10-21